बीमा सखी

चर्चा में क्यों?

भारत के प्रधानमंत्री 9 दिसंबर, 2024 को महिलाओं के लिये **'बीमा सखी'** योजना का शुभारंभ करने हेतु पानीपत का दौरा करेंगे। यह ध्यान देने योग्य है कि उन्होंने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'** अभियान की शुरुआत की थी।

मुख्य बिंदु

- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा समन्वित आगामी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिये क्षेत्र का दौरा किया।
  - **इस बात पर ज़ोर दिया गया कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण का** एक दृढ़ संदेश देगा।
  - उन्होंने पानीपत में शुरू किये गए **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान को** लाखों बालिकाओं की जान बचाने का श्रेय दिया।
- **'बीमा सखी' योजना का शुभारंभ:**
  - मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री 'बीमा सखी' योजना का शुभारंभ करेंगे, **जिसका उद्देश्य राज्य भर में महिलाओं को सशक्त बनाना और लाभान्वित करना है।**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

- **परिचय:**
  - यह योजना **प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी, 2015 को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य** बाल लिंग अनुपात (CSR) में कमी लाना तथा जीवन-चक्र में महिला सशक्तीकरण से संबंधित मुद्दों का समाधान करना था।
  - यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MW&CD), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MH&FW) तथा शिक्षा मंत्रालय का **त्रि-मंत्रालयीय प्रयास** है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - लिंग-पक्षपाती लिंग-चयनात्मक उन्मूलन की रोकथाम।
  - बालिकाओं के जीवन और संरक्षण को सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं की शिक्षा एवं भागीदारी सुनिश्चित करना।
  - बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना।
- **BBBP के अंतर्गत नवीन हस्तक्षेप:** जिन नवाचारों ने लड़कियों के लिये सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र/सक्षम वातावरण का निर्माण किया है, उनमें शामिल हैं:
  - **गुड्डी-गुड्डा बोर्ड:** जन्म के आँकड़ों का सार्वजनिक प्रदर्शन (लड़कियों की संख्या बनाम लड़कों की संख्या)। उदाहरण: महाराष्ट्र के जलगाँव ज़िले में डिजिटल गुड्डी-गुड्डा डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं।
  - **लिंग आधारित रूढ़िवादिता को तोड़ना और पुत्र-केंद्रित रीति-रिवाज़ों को चुनौती देना:** बालिका के जन्म पर उत्सव मनाना, बालिका के महत्त्व पर विशेष निबंध समर्पित करना, बालिकाओं के पालन-पोषण और देखभाल के प्रतीक के रूप में **वृक्षारोपण अभियान चलाना।** उदाहरण: कुड्डालोर (तमिलनाडु), सेल्फी विद डॉटर्स (जींद ज़िला, हरियाणा)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bima-sakhi